# घर पर पूरी की जाने वाली गतिविधियाँ

## माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी

स्कूल पर आपकी संतान जो सीख रही है, उसे और प्रभावी बनाने के लिए उसे कुछ गतिविधियाँ मिलेंगी जिन्हें वह घर पर पूरा करना चाह सकते हैं।

अपनी संतान को गतिविधियाँ पूरी करने के लिए प्रोत्साहित करें और उनके काम के बारे में उनसे बात करें। इस तरह अपनी संतान की सहायता करने से आपको यह समझ मिलती है कि वे स्कूल पर क्या सीख रहे हैं और उन्हें दिखाई देता है कि आप शिक्षा और शिक्षण को महत्व देते हैं।

घर पर गतिविधियाँ पूरी करने से आपकी संतान को निम्नलिखित अवसर मिलेंगे:

- जो चीज़ें उन्होंने स्कूल में सीखी हैं, उन्हें दोहराना,
- अपनी समझ और कौशल को मज़बूत करना,
- पढ़ाई से जुड़े कौशल विकसित करना जिनका प्रयोग वे अपनी पूरी जिन्दगी में करेंगे।

### घर पर अच्छी आदतें डालना

अच्छी आदतें होने से आपकी संतान को उनके पूरे स्कूली और कामकाजी जीवन में मदद मिलेगी।

- गतिविधियाँ पूरी करने के लिए नियमित समय निर्धारित करें – यह हर दिन समान समय होना चाहिए।
- ऐसा समय चुनें जो आपकी संतान के लिए सबसे सही बैठता हो (कुछ बच्चों सुबह बेहतर ध्यान दे पाते हैं, और कुछ दोपहर को)।

यदि आपकी संतान के पास आरामदायक स्थान होता है तो उसे यह काम कहीं अधिक आसान लगेगा।

- अपनी संतान को काम करने देने के लिए एक शांत और अच्छी रोशनी वाला स्थान उपलब्ध कराएँ।
- उसकी ज़रूरत की चीज़ें पास में रखें जैसे कि पेंसिल, पेन या कंप्यूटर।
- ध्यान भंग करने वाली चीज़ों से अलग से एक स्थान खोजें (जैसे कि, टेलीविज़न या कंप्यूटर गेम्स से दूर)।

### मैं अपनी संतान की सहायता कैसे कर सकता/ती हूँ?

- जिज्ञासु बनें और जो काम वे कर रहे हैं, उसके बारे में सवाल पूछें।
- जो वे सीख रहे हैं उन्हें वे आपको सीखाने के लिए कहें।
- जांच करें यदि उन्हें मदद की ज़रूरत है।
- जैसे-जैसे वे गतिविधि को करने की कोशिश करें और इसे पूरा करें, उनके प्रयत्नों की सराहना करें।
- टीचर से किन्हीं ऐसे उपलब्ध संसाधनों के बारे में पूछें जो माता-पिता और देखभालकर्ताओं की मदद करते हों।

याद रखें, घर पर गतिविधियाँ पूरी करना आपकी संतान के लिए एक सकारात्मक अनुभव होना चाहिए।

यदि गतिविधियाँ पूरी करने में आपकी संतान को अतिरिक्त मदद या विशिष्ट समायोजन की आवश्यकता है तो टीचर को बताएँ।

### टेलीफोन दुभाषिया सेवा

यदि स्कूल से संपर्क करने में आपको दुभाषिए की आवश्यकता है, तो कृपया 131 450 पर कॉल करें, ऑपरेटर को बताएँ आपको किस भाषा की ज़रूरत है और उन्हें स्कूल को फोन करने के लिए कहें। आपकी बातचीत के साथ आपकी मदद करने के लिए ऑपरेटर किसी दुभाषिए को फोन लाइन पर कनेक्ट करेगा। इस सेवा के लिए आपसे शुल्क नहीं लिया जाएगा।